बी.एस.एफ. के बेड़े में 192 नए आरक्षक शामिल

जोधपुर में राजस्थान फ्रंटियर मुख्यालय पर बी.एस.एफ. के नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया।

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान फ्रंटियर मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित गरिमामय समारोह में 193 नव आरक्षक बी.एस.एफ. के बेड़े में शामिल हो गए। उन्होंने भारतीय संविधान के प्रति निष्ठापूर्वक होकर देश की एकता एवं अखंडता को कायम रखने की शपथ ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 44 सप्ताह के प्रशिक्षण काल में इन जवानों को हथियार चलाने से लेकर आतंकवाद से लडऩे, विषम चुनौतियों से जुझने और कानूनी प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

कड़े प्रशिक्षण के बाद अब इन जवानों को सीमा पर देश की रक्षा करने का दायित्व सौंपा जाएगा।

महानिदेशक ने ली परेड की सलामी

नव आरक्षकों के दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि बीएसएफ के अतिरिक्त महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी ने परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। उन्होंने नव-आरक्षकों से ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक कर्तव्य पालन करने का आहवान किया।

सभी नव-आरक्षक, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर के महानिरीक्षक मदन सिंह राठौड़ के निर्देशन में 44 सप्ताह का कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करके आज इस दिन के लिए उत्साहित थे।

शस्त्र कला व शारीरिक कला का प्रदर्शन किया

समारोह में मुख्य अतिथि ने भव्य परेड के लिए सहायक प्रशिक्षण केन्द्र की ट्रेनिंग टीम को बधाई दी। प्रशिक्षण के दौरान बेहतीन प्रदर्शन करने वालों में नव आरक्षक हरदेव सिंह (ओवर ऑल प्रथम), नव आरक्षक अक्षत शर्मा (ओवर ऑल द्वितीय), नव आरक्षक गुरमीत सिंह (बेस्ट एंड्रुरेंस) नव आरक्षक युगराज सिंह (बेस्ट फायरर) व नव आरक्षक मोहित सपोलिया (बेस्ट ड्रिल) को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

दीक्षांत परेड समारोह में शस्त्र कला तथा शारीरिक कला का प्रदर्शन दिखाया गया साथ ही शस्त्र तथा फोटो प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

हाथल में वडी पोल फाउंडेशन ने की व्हील चेयर व वॉकर व्यवस्था

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकटवर्ती हाथल में वडी पोल फाउंडेशन मुम्बई हाथल के तत्वावधान में चार व्हील चेयर व चार वॉकर की व्यवस्था का लक्ष्मी नारायण जी मंदिर हॉल में शुभारंभ किया गया।

फाउंडेशन के राजेश बी शुक्ल ने बताया कि इस पुनित सेवा कार्य मे फाउंडेशन को स्व.जया बेन घनश्याम दास त्रिवेदी व घनश्याम दास गोपाल त्रिवेदी की पुण्य स्मृति में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। वडी पोल फाउंडेशन ने भामाशाह परिवार को इस पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए आभार जताया। इस कार्य के लिए फाउंडेशन के कमल शुक्ल,राजेश भट्ट,नटवर त्रिवेदी, भरत शुक्ल,संजय त्रिवेदी का प्रयास सराहनीय रहा।

भगवान नृसिंह जयंती मनाई

पोकरण, (निसं)। पोकरण शहर में नृसिंह जयंती धूमधाम से मनाई गई।

पोकरण नृसिंह जयंती के उपलक्ष में सदर बाजार से होते हुए चारभुजा मंदिर तक भगवान विष्णु के अवतार नरसिंह भगवान की शोभा यात्रा निकाली गई। आज के दिन भगवान विष्णु के अवतार नृसिंह भगवान ने अवतार लिया था। चारभुजा मंदिर तक शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

जिला कुश्ती प्रतियोगिता आज

जालोर, (कासं)। जिला स्तरीय अंडर-15 बालक एवं बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 15 मई को सायं काल 5 बजे पुरानी मंडी सब्जी स्थित आर्य वीर दल, वीरम व्यायामशाला जालोर में आयोजित होगी। इच्छुक प्रतिभागी पहलवान अपनी प्रविष्टि इसी दिन दोपहर 12 बजे तक ही दे सकेंगे।

जिला कुश्ती संघ ओलंपिक पद्वति अध्यक्ष महेंद्र मुणोत व सचिव दलपत सिंह आर्य ने बताया कि अन्डर-15 बालक वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता के फ्री स्टाइल तथा ग्रीको रोमन के दोनों पद्धतियों की कुश्ती अलग-अलग वजन में 38, 41, 44, 48, 52, 57, 62, 68, 75 तथा 85 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्तियां होगी। इसी प्रकार अंडर-15 बालिका वर्ग फ्री स्टाइल 33, 36, 39, 42, 46, 50, 54, 58, 62 व 66, किलोग्राम की कुश्तियां आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि पहलवानों की वर्ष 2007 व 2008 में जन्मे तथा 2009 में जन्मे पहलवान मेडिकल प्रमाण पत्र से भाग ले सकते हैं। आयु प्रमाण लाना आवश्यक है। वजन में दस किलो की छूट रहेगी। उन्होंने बताया कि भारतीय कुश्ती फेडरेशन एवं राजस्थान कुश्ती संघ के के आदेशानुसार आयु के लिए पहलवानों को ओरिजिनल पासपोर्ट बताना होगा। मार्कशीट अथवा जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

दांतराई में मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई

दांतराई, (निसं)। दांतराई कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास स्थित घांची समाज खीमत माताजी मंदिर परिसर में शनिवार को एक दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन मेले के लाभार्थी रमेश कुमार रूपाराम घांची द्वारा आयोजन किया गया।

मेले को लेकर मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी व फूल मालाओं से मंदिर की सजावट की गई। मेले को लेकर पुजारी प्रकाशदास वैष्णव ने खुमी माताजी की प्रतिमा की विशेष प्रकार से अंगी रंचना कर फूल मालाओं से सजावट की गई। इसके पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें सैकडों समाज बंधुओं ने भाग लिया। मेले के दौरान मंदिर के शिखर पर शुभ मुहूर्त में ढोल धमाकों के साथ मंदिर पर ध्वजा चढाई गई। इस दौरान मंदिर परिसर माताजी के जयकारों से गूंज उठा। कथा मैले को लेकर महिलाओं ने मंगल गीत के साथ मेले की शोभा बढाई। दिन भर समाज बंधुओं ने मंदिर में जा कर माताजी के दर्शन कर पूजा अर्चना कर गांव एवं समाज के लिए खुशहाली की कामना की तथा दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मंदिर परिसर में यज्ञ का भी आयोजन हुआ। दोपहर में मेले के लाभार्थी रमेशकुमार रूपाराम घांची की ओर से माताजी को प्रसादी का भोग लगाकर सैकडो समाज बंधुओं ने प्रसादी ग्रहण। रात्रि में मंदिर परिसर में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

इस दौरान रमेशकुमार, उनाराम, हंसाराम, शांकलाराम, चौपाराम, बाबुलाल, गमनाराम, कैलाश, छतराराम, रतनाराम, हीराराम, नरसाराम, खंगाराराम, रेशमाराम, पोपटलाल, नारायणलाल,पारस, सहित सैकडों समाज बंधु उपस्थित रहे।

जोधपुर उपद्रव : सभी दस थाना क्षेत्रों से कर्फ्यू उठा

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर में गत 3 मई की रात को जालोरी गेट सर्किल पर हुए दो गुटों में बवाल के बाद पुलिस प्रशासन ने दस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया था। जिसके बाद धीरे धीरे कर्फ्यू में छूट देते हुए कुछ में कर्फ्यू उग्र लिया गया।

शनिवार को पुलिस आयुक्तालय ने आदेश जारी कर जिला पूर्व के चार और जिला पश्चिम में सरदारपुरा के शेष एवं प्रतापनगर सदर से पूर्ण कर्फ्यू हटा दिया है। आदेश रविवार की सुबह छह बजे से लागू होगा। कर्फ्यू में कुछ थाना क्षेत्रों में चल रही ढील अवधि में पूर्णत: शांति कायम हो चुकी है। वहां से सप्ताह भर में कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं आई है।

पुलिस मुख्यालय एवं यातायात राजकुमार चौधरी ने आदेश जारी कर बताया कि जिला पूर्व के सदर बाजार, सदर कोतवाली, नागौरी गेट एवं खांडाफलसा क्षेत्र से रविवार की सुबह छह बजे से कर्फ्यू समाप्त किया जाता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत आदर्श आडेल
पंचायत समिति आडेल (बाडमेर)

क्रमांक: ग्राप/निविदा/2022/15 दिनांक: 11.05.2022

निविदा सूचना संख्या- 01 वर्ष 2022-23

ग्राम पंचायत के लिए महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निर्माण साम्रगी की आपूर्ती करने एवं उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजिकृत ऐसे विनिर्माता(ओं), विक्रेता(ओं), आपूर्तिकर्ता(ओं) जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है तथा तिथियां, समय व अन्य शर्ते एवं निविदा में सम्पादित करवायें जाने वाले कार्यो / आपूर्त की जाने वाली साम्रगी-उपकरणों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति/ ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालय समय में तथा राज लोक उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर भी देखी जा सकती है। UBN- PSA202223GLOB00015

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत आदर्श आडेल
पंचायत समिति आडेल (बाडमेर)

सरपंच
ग्राम पंचायत आदर्श आडेल
पंचायत समिति आडेल (बाडमेर)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: पोकरण, बस स्टेण्ड के सामने, जोधपुर रोड
पोकरण, जिला जैसलमेर, राजस्थान-345021
ई-मेल: pokhra@bankofbaroda.co.in

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
"परिशिष्ट-IV-क" [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा**, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/ जमानतदारों/ प्रतिभूत आस्तियों/ बकायों/ आरक्षित मूल्य/ ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

ऋणियों/जमानतदारों के नाम एवं पते- मैसर्स श्री विनायक ग्वार गम इंडस्ट्रीज पता-82, राजपुतो की ढ़ाणियां, माधोपुरा, तहसील-पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान,**पार्टनर्स/जमानतदार-श्री भूपत सिंह पुत्र श्री मेहताब सिंह पता**-82, राजपुतो की ढ़ाणियां, माधोपुरा, तहसील-पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान, **श्री आसु सिंह पुत्र श्री मेहताब सिंह पता**-माधोपुरा, माधोपुर, जैसलमेर, सांकड़ा, राजस्थान- 345026 एवं **श्री नरप्रताप सिंह पुत्र श्री मेहताब सिंह पता-82**, राजपुतो की ढ़ाणियां, माधोपुरा, पोकरण, सांकड़ा, जैसलमेर, राजस्थान, **एवं जमानतदार-श्री मेहताब सिंह पुत्र श्री हुकम सिंह पता**-90, सावल सिंह की ढ़ाणी, माधोपुरा, तहसील पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान, **श्रीमती कमला कंवर पत्नी श्री मेहताब सिंह पता**-90, सावल सिंह की ढ़ाणी, माधोपुरा, तहसील पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान एवं **श्री रामचन्द्र पुत्र श्री बलवता राम, पता**-मकान नं. 198, गांव बेलदारों की ढ़ाणी, मंडावा पार्ट 1, तहसील पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान

कुल बकाया राशि- रूपये 2,06,60,148.18 दिनांक 16.04.2019 को बकाया (दिनांक 31.03.2019 तक का ब्याज शामिल करते हुए) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि।

कब्जे की स्थिति(प्रलक्षित/वास्तविक)-वास्तविक

संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय-26.05.2022, सुबह 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक

ई-नीलामी की दिनांक व समय- 31.05.2022 , दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)

ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो	आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि
श्री नरप्रताप सिंह पुत्र श्री मेहताब सिंह के नाम साम्यिक बंधक फैक्ट्री भूमि एवं भवन जो खसरा नं. 448/235, 450/235, गांव केलवा, तहसील-पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 10.00 बीघा (16187.28 मीटर/वर्ग) है। **सीमाएं**-पूर्व: अन्य खसरा भूमि, पश्चिम: अन्य खसरा भूमि, उत्तर: रोड़ पोकरण से देवीकोट, दक्षिण: अन्य खसरा भूमि **अन्य ऋण भार:-ज्ञात नहीं**	**आरक्षित मूल्य**- रूपये 54,00,000/- (रूपये चौवन लाख मात्र) **धरोहर राशि**- रूपये 5,40,000/- (रूपये पांच लाख चालीस हजार मात्र) **बोली वृद्धि राशि**- रूपये 25,000/- (रूपये पच्चीस हजार मात्र)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://ibapi.in देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.-02994 - 222224, मोबाईल नं. 8875001970 पर संपर्क कर सकते है।

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

दिनांक: 13.05.2022
स्थान: पोकरण (जैसलमेर)

पाटनारायण धाम में कार्यक्रम हुआ

स्वरुपगंज, (निसं)। ग्राम गिरवर में नित्य निकुंज लीला निवासी पाटनारायण धाम निम्बार्क रत्न महंत युगलशरण महाराज (आयुर्वेद मर्मज्ञ) की तृतीय गोलोकगमन तिथि का भव्य आयोजन विधि विधान से सम्पन्न हुआ।

गौमुख वशिष्ठ आश्रम सिद्ध गाधिपति महन्त भक्त वत्सलशरण महाराज ने विधि-विधान से विप्रो के वेदिक मंत्रोच्चार से गुरुदेव का पूजन किया। इस मौके पर पाटनारायणधाम के गादीपति महंत भक्ति ह्रदयशरण महाराज, कर्दम आश्रम के महंत नारायणशरण महाराज, महंत रामशरणदास महाराज, करोड़ी ध्वज अनादरा, महंत रामकिशोर दास महाराज, रिछड़िया अम्बाजी,महंत पवनदास महाराज व महंत आनन्ददास महाराज, मुनिजी कुटिया,भटाणा, श्रीमद्भागवद कथा प्रवक्ता सनकादिकशरण महाराज व महंत कैलाश नन्दगिरी महाराज सहित अनेक संत-महंत शरीक हुए।

पुण्यतिथि व संताराधन का समापन बालभोज, भेंट-विदाइ, दक्षिणा अर्पण कर हुआ।

बाड़मेर में 53 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने कास्टेबल भर्ती परीक्षा दी

बाड़मेर, (निसं)। पुलिस कांस्टेबल लिखित भर्ती परीक्षा शुक्रवार को भारी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। पहले दिन दो पारियों में आयोजित हुई परीक्षा में 53 फीसदी परीक्षार्थियों ने ही उपस्थित दी।

एसपी दीपक भार्गव ने बताया कि पुलिस कांस्टेबल लिखित परीक्षा शुक्रवार से रविवार तक तीन दिन दो पारियो मे आयोजित हो रही है। जिले में कुल पांच परीक्षा केन्द्र बनाये जाकर प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर प्रभारी पुलिस उप अधीक्षक के स्तर के पुलिस अधिकारियों को लगाया गये है।

परीक्षा केन्द्र पर महिला व पुरूष पुलिस बल का पर्याप्त मात्रा मे जाब्ता लगाया गया है। जिनके प्रभारी सहायक उप निरीक्षक पुलिस स्तर के अधिकारी को तैनात किया गया है।

परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थीयो की भली भांति चैकिगं कर प्रवेशपत्र व पहचान पत्र इत्यादि की जांच कर तथा बायोमेट्रिक के पश्चात ही प्रवेश दिया गया। केन्द्र के बाहर अलग से पुलिस बल तैनात किया गया।

डॉ. दिलीप कच्छवाहा का स्वागत किया

एस.एन. मेडिकल कॉलेज जोधपुर के प्रिंसिपल डॉ. दिलीप कच्छवाहा का स्वागत किया।

जोधपुर, (का.सं.)। ग्लोबल रिलीफ सोसायटी की ओर से अध्यक्ष शिव कुमार सोनी के नेतृत्व में सोसायटी के संरक्षक डॉ. दिलीप कच्छवाहा का आज जोधपुर एस.एन. मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल नियुक्त होने पर मेडिकल कॉलेज में भव्य स्वागत किया गया।

ग्लोबल रिलीफ सोसायटी के अध्यक्ष शिव कुमार सोनी ने बताया कि सोसाइटी की ओर से डॉ दिलीप कच्छवाहा का साफा एवं मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष शिव कुमार सोनी संरक्षक निर्मल माथुर, दीपक सोनी एडवोकेट कृष्णा राठौड़ विजय शर्मा, संगीता बोहरा, नारायण किशन पुरोहित, पार्षद भीमराज राखेचा, विष्णु कुमार अरोड़ा, कन्हैया लाल शर्मा, नवीन खंडेलवाल, जीवाराम जांगिड़, जगदीश तंवर गिरधारी लाल वैष्णव ने माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर नवनियुक्त प्रिंसिपल डॉ दिलीप कछवाहा जोधपुर में बेहतर चिकित्सा सुविधा सबको मिले, समय पर मिले डॉक्टर की उपलब्धता सभी अस्पतालों में समय पर हो जोधपुर में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था में हब बने ऐसी व्यवस्था पर कार्य करने का आश्वासन दिया।

साथ ही उन्होंने ग्लोबल रिलीफ सोसाइटी परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

पाली में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की

पाली में जिला कलैक्टर नमित मेहता ने जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। पाली जिला कलैक्टर नमित मेहता ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में पानी की उपलब्धता के आधार पर तय की गई समयावधि व कार्य योजना के अनुसार सभी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बनाए रखें।

जिला कलैक्टर ने शनिवार को कलैक्ट्रेट में आयोजित बैठक में अधिकारियों से कहा कि जहां कहीं से पानी आपूर्ति नहीं होने की शिकायत मिले उसे धैर्य पूर्वक व संवेदनशीलता से सुनकर जन प्रतिनिधित व आमजन को सही जवाब दें। जहां कही पर निर्धारित समयावधि में पानी नहीं पहुंच रहा वहां टैकरों से पेयजल की सप्लाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में जलदाय विभाग के नियंत्रण कक्ष चौबीस घंटे खुले रहे ओर जहां पानी की समस्या आए उसका सत्यापन कर समस्या का निराकरण के पूरे प्रयास किए जाए। उन्होंने कहा कि आगामी डेढ माह का समय चुन्नौतिपूर्ण है सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर पानी आपूर्ति से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए समन्वित प्रयास करें। जिन क्षेत्रों में पानी की कमी की सूचना मिले वहां जाकर लोगों को विश्वास में लेकर तथा समझाईश करने के साथ पानी सप्लाई का समय भी बताएं। मीडिया के माध्यम से प्रतिदिन शहर के किन क्षेत्रों में पानी की सप्लाई दी जाएगी उसकी भी जानकारी आमजन भें साझा की जाए। उन्होंने कहा कि जलदाय विभाग के अधिकारियों की सहायतार्थ प्रशासनिक अधिकारियों को भी विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपने के साथ ही वार्ड स्तर पर नगर परिषद, जलदाय विभाग, प्रशासनिक कार्मिक का दल बनाकर पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कंटीजेंसी प्लान के तहत जो भी कार्य स्वीकृत किए गए हैं वो हर हाल में निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो जाने चाहिए ताकि आमजन को उसका लाभ मिल सकें।

उन्होंने परम्परागत जलस्त्रोतों एवं जहाँ पानी की उपलब्धता है उनको को शीघ्र पाईप लाईन से जोड़कर जलापूर्ति करने को कहा। उन्होंने कहा कि पाली, रोहट एवं सोजत क्षेत्र में पानी की किल्लत आ रही है सभी अधिशाषी अभियंता अपने क्षेत्रों में और अधिक मेहनत से कार्य कर आमजन को पानी की समस्या से कम से कम तकलीफ़ हो इस दिशा में कार्य करे।

उन्होंने कहा कि पानी की समस्या वाले क्षेत्रों में मांग के अनुरूप टंकिया रखवाकर उन्हें टेंकरों से भरवाया जाए। टैंकर से पानी परिवहन में किसी प्रकार का पक्षपात नहीं किया जाए।

बैठक में जलदाय विभाग जोधपुर के मुख्य अभियंता नीरज माथुर ने कहा कि पानी की उपलब्धता के अनुसार सभी क्षेत्रों में कार्य योजना के अनुरूप पानी वितरित किया जा रहा है जहां जरूरत है वहां टैंकरो के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। कुडी रोहट पाईप लाइन का पानी निम्बला तक पहुंचाने वाला है, जिसे रोहट तक पहुंचाने के लिए पाईप लाईन मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर चन्द्रभान सिंह भाटी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीरेंद्रसिंह चौधरी, उपखण्ड अधिकारी ललित गोयल, जिला रसद अधिकारी सुमित्रा पारिक, अतिरिक्त मुख्य अभियंता जलदाय विनोद भारती, अधीक्षण अभियंता मनीष माथुर, अधिशाषी अभियंता कान सिंह, आयुक्त नगर परिषद बृजेश रॉय सहित जलदाय विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति ने राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया

जोधपुर, (कासं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जोधपुर में शनिवार को हुआ।

राजस्थान हाईकोर्ट में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के कार्यकारी अध्यक्ष एवं कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जोधपुर के अध्यक्ष न्यायाधिपति विजय बिश्नोई सहित अन्य न्यायाधिपतिगण, विभिन्न बैंचों में नियुक्त न्यायाधिपतिगण व मनोनीत अभिभाषकगण, न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी तथा लोक अदालत के माध्यम से राहत पाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से आए पक्षकारान एवं विशिष्ट नागरिकगण उपस्थित थे।

अपने उद्बोधन में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के कार्यकारी अध्यक्ष एवं कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने इस राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन के उद्देश्यों तथा पूर्ववर्ती लोक अदालतों की उपलब्धियों पर जानकारी देते हुए कहा कि इस द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के स्तर पर 1800 से अधिक प्रकरणों को चिह्नित किया गया है। इसके साथ ही प्री काउंसलिंग एवं प्री सैटल के माध्यम से भी पक्षकारों को उनके लम्बित मुकदमों से राहत प्रदान की गई है। उन्होंने लोक अदालत आयोजन को आशातीत सफलता प्रदान करने के लिए किए गए बहुआयामी प्रयासों, प्रचार-प्रसार, नवाचारों, व्यापक सम्पर्क आदि पर जानकारी दी और इसमें सहभागिता के लिए सभी संबंधितों के प्रति आभार जताया।

■ 5 बैंचों की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही आरंभ हुई

इसके उपरान्त राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के न्यायाधिपतिगणों की अध्यक्षता में गठित 5 बैंचों की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही आरंभ हुई। इनमें बैंच संख्या 1 में यायाधिपति डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह भाटी, अध्यक्ष व मनोज भंडारी, वरिष्ठ अधिवक्ता, सदस्य बैंच संख्या 2 में न्यायाधिपति दिनेश मेहता, अध्यक्ष व मुक्तेश माहेश्वरी, सदस्य, बैंच संख्या 3 में न्यायाधिपति विनीत कुमार माथुर, अध्यक्ष व रवि भंसाली, वरिष्ठ अधिवक्ता, सदस्य बैंच संख्या 4 में न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग, अध्यक्ष व कुलदीप माथुर, वरिष्ठ अधिवक्ता, सदस्य तथा बैंच संख्या 5 में न्यायाधिपति रामेश्वर व्यास, अध्यक्ष व सी.एस. कोटवानी, सदस्य द्वारा उपस्थित रहकर लोक अदालत की कार्यवाही आरंभ की गई। इसी प्रकार जिला मुख्यालय एवं तालुका क्षेत्रों में भी शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालतों की कार्यवाही शुरू हुई।

भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India
हर भारतीय का बैंक
THE BANKER TO EVERY INDIAN

भारतीय स्टेट बैंक
शाखा-स्वरूपगंज, जिला-सिरोही, (राज.)

कब्जा सूचना परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा **13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता **श्री सरूपा राम रेबारी पुत्र श्री सदाला जी रेबारी एवं श्री बाबू लाल रावल पुत्र श्री नाथू राम जी (जमानती)** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **18/12/2021 को रूपये 1,06,786/- (रुपये एक लाख छह हजार सात सौ छियासी मात्र) दिनांक 15/12/2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 10 माह मई वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 1,06,786/- दिनांक 15/12/2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

स्थावर सम्पत्ति का विवरण

श्री सरूपा राम रेबारी पुत्र श्री सदाला जी रेबारी की आवासीय सम्पत्ति जो कि **पट्टा नंबर 223, ग्राम-कोडराला, तहसील-पिंडवाड़ा, जिला-सिरोही, राजस्थान पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढ़ाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग (44.6*20.6) 919 वर्ग फीट है।**

चतु: सीमाऐं:

पूर्व में: गली और दरवाजा
पश्चिम में: रास्ता
उत्तर में: स्वयं की भूमि
दक्षिण में: श्री रामा राम पुत्र श्री सदाला जी का प्लाट

दिनांक : 10.05.2022
स्थान : स्वरूपगंज

प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक

भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India
हर भारतीय का बैंक
THE BANKER TO EVERY INDIAN

भारतीय स्टेट बैंक
शाखा-स्वरूपगंज, जिला-सिरोही, (राज.)

कब्जा सूचना परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा **13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता **श्री महराब खान पुत्र श्री गफ्फूर खान मोइला एवं श्री लिकायत खान पुत्र श्री गफ्फूर खान (जमानती)** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **23/12/2021 को रूपये 6,33,286/- (छह लाख तैंतीस हजार दो सौ छियासी मात्र) दिनांक 21/12/2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 10 माह मई वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 6,33,286/- दिनांक 21/12/2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

स्थावर सम्पत्ति का विवरण

श्री महराब खान पुत्र श्री गफ्फूर खान मोइला की आवासीय सम्पत्ति जो कि **पट्टा नंबर 21411, उदावरिया, तहसील-पिंडवाड़ा, जिला- सिरोही राजस्थान पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढ़ाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 1350 वर्ग फीट है।**

चतु: सीमाऐं:

पूर्व में: आबादी लैंड
पश्चिम में: श्री लियाकत खान का प्लॉट
उत्तर में: आबादी लैंड
दक्षिण में: आम रास्ता

दिनांक : 10.05.2022
स्थान : स्वरूपगंज

प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक

भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India
हर भारतीय का बैंक
THE BANKER TO EVERY INDIAN

भारतीय स्टेट बैंक
शाखा-स्वरूपगंज, जिला-सिरोही, (राज.)

कब्जा सूचना परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा **13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता **मैसर्स भारती इंटरप्राइजेज प्रोपराइटर जरिए श्री दिनेश माली पुत्र श्री तारा चंद माली एवं श्री खांती लाल माली पुत्र श्री. तारा चंद मलिक (जमानती)** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **19/02/2022 को रूपये 31,27,063/- (रुपये इक्कतीस लाख सत्ताईस हजार तरेसठ मात्र) दिनांक 17/02/2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 10 माह मई वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 31,27,063/- दिनांक 17/02/2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

स्थावर सम्पत्ति का विवरण

श्रीमती मांगी देवी पत्नी तारा चंद माली की आवासीय सम्पत्ति जो कि **पपट्टा संख्या 2605, बुक नं. 27, मिसाल नं. 198/9.10.2006, दिनांक-29-12-2010, बिक्री डीड/पट्टा डीड नं. पंजीकृत संख्या 2016000127, दिनांक 07-01-2016, स्कूल के खेल के मैदान के पास , स्वरूपगंज, तहसील- पिंडवाड़ा, जिला- सिरोही राजस्थान पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढ़ाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 1336.5 वर्ग फीट है।**

चतु: सीमाऐं:

पूर्व में: आम रास्ता एवं खेल का मैदान 16 फीट
पश्चिम में: खुली भूमि वर्तमान में बिस्मिल खान / रहमत खान
उत्तर में: शंकर लाल / खंगार जी माली
दक्षिण में: राम लाल / खंगार जी माली

दिनांक : 10.05.2022
स्थान : स्वरूपगंज

प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक